MPEDA

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

समाचार पत्र

खंड 5 संख्या 8 मार्च 2018

पृष्ठ 03
बोस्टन में आयोजित सीफुड एक्स्पो नॉर्थ अमरीका में एमपीईडीए की भागीदारी

पृष्ठ 11
श्रिम्प पीलिंग में संभावित नई प्रौद्योगिकियों का अनुप्रयोग

पृष्ठ 25
असम, मणिपुर में तीन नई मीठा जल मत्स्य प्रजातियाँ पाई गई

www.mpeda.gov.in

ISSN 0245-7059

CPF-TURBO PROGRAM

The shrimp industry has seen major developments and tasted success over the years, And not only are we proud to be part of it, but also take pride in pioneering it. To ensure the success and profitability of the Indian Shrimp Industry, our highly determined team with committed Aquaculture specialists constantly provide the shrimp farmers with access to the latest and updated technology.

CPF-TURBO PROGRAM -
Pioneering Successful and Profitable Shrimp Aquaculture

विषय सूची

खंड. 5, संख्या. 8, मार्च 2018

03

बोस्टन में आयोजित सीफुड एक्स्पो नॉर्थ अमरीका में एमपीईडीए की भागीदारी

09

कट्टलफिश/स्क्विड के संरक्षण हेतु पाक बे में पर्यावरण-अनुकूल मत्स्य संकलन डिवाइस

11

श्रिम्प पीलिंग में संभावित नई प्रौद्योगिकियों का अनुप्रयोग

15

जीपीएस हैंडलिंग में प्रशिक्षिण पा रहे मछुआरे

23

जलकृषि में प्रतिबंधित प्रतिजैविकी: ओडिशा में आयोजित जागरूकता अभियान

25

असम, मणिपुर में तीन नई मीठा जल मत्स्य प्रजातियाँ पाई गई

27

आईसीएआर-सीआईएफ़टी, कोचीन द्वारा वितरित मत्स्यन उपकरण

इस प्रकाशन के विद्वान लेखों में व्यक्त विचार एमपीईडीए के विचार नहीं है, यह सिर्फ लेखक के विचार हैं।
इस प्रकाशन के विद्वान लेखों के जानकारी की सटीकता की ज़िम्मेदारी लेखकों पर निहित हैं,
न ही एमपीईडीए और न ही संपादकीय गण की ज़िम्मेदारी है।

एम.पी.ई.डी.ए
खंड 5 / संख्या. 8 / 2018 मार्च समाचार पत्रिका

संपादक मंडल

श्री टी. डोला शंकर, आईओएफ़एस
निदेशक (वि.)

श्री बी. श्रीकुमार
सचिव

श्रीमती आशा सी. परमेश्वरन
संयुक्त निदेशक (गु.नि.)

श्री पी. अनिल कुमार
संयुक्त निदेशक (अक्वा)

श्री के. वी. प्रेमदेव
उप निदेशक (विपणन संवर्धन)

डॉ. टी.आर. जिबिन कुमार
(विकास एवं ए व आई) (प्रभारी)

संपादक
श्री डा. एम.के. राम मोहन
संयुक्त निदेशक (वि.)

सह संपादक
श्रीमती दिव्या मोहनन
वरिष्ठ लिपिक

संपादकीय सुमर्थन
बिवर्ल्ड कॉर्पोरेट सोल्युशंस लिमिटेड
166, जवहर नगर, कड़वन्त्रा,
कोच्ची, केरल, भारत- 682 020
फोन: 0484 2206666, 2205544
www.bworld.in, life@bworld.in

लेआउट
रोबी अंबाड़ी

www.mpeda.gov.in
support@mpeda.gov.in

समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण
की ओर से श्री बी श्रीकुमार, सचिव द्वारा
मुद्रित और प्रकाशित
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
एमपीईडीए हाऊस, पनम्पिल्ली एवेन्यू,
कोच्ची-682 036, फोन: +91 484 2311979

द्वारा प्रकाशित
एमपीईडीए हाऊस,
पनम्पिल्ली एवेन्यू,
कोच्ची-682 036

पर मुद्रित
प्रिंट एक्सप्रेस
44/1469 ए, अशोका रोड,
कलूर, कोच्ची - 682 017

आप के लिए

डॉ. जयतिलक, भा.प्र.से.
अध्यक्ष

प्रिय मित्रों,

भारत से प्रशीतित श्रिम्प के लिए एंटी-डंपिंग शुल्क में 2.34% वृद्धि 12 वीं प्रशासनिक समीक्षा के प्रारम्भिक परिणामों के अनुसार, थोड़ी चिंताजनक है, अन्यथा यूएस बाज़ार के साथ हो रहा श्रिम्प व्यापार निर्विघ्न चल रहा है। अंतिम परिणाम लंबित हैं, यदि अंतिम समीक्षा के अनुसार दरें बरकरार रखी जाती हैं तो शुल्क में बढ़ोत्तरी से भारतीय श्रिम्प मूल्यवान बन सकते हैं, जब बाज़ार रिपोर्ट के मुताबिक बाज़ार में श्रिम्प की पर्याप्त आपूर्ति की स्थिति होगी। वर्ष 2018-19 में अमेरीकी बाज़ार में श्रिम्प की मांग में एक संभावित गिरावट भारतीय समुद्री उत्पादों के निर्यात निष्पादन को प्रभावित कर सकती है, क्योंकि श्रिम्प निर्यात की प्रमुख वस्तु है और बाज़ार में अमरीका प्रथम स्थान पर है। ऐसी परिस्थितियों में मांग और कीमतों को मजबूत रखने के लिए उद्योग को उत्पादन और आपूर्ति को विनियमित करने के बारे में सोचना है। जब तक हम विभिन्न बाज़ारों में श्रिम्प की आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय, और आगे मूल्य वर्धन हेतु प्रक्रमाणित चरण नहीं उठाते हैं तो, भारत आगे जाकर अपनी वृद्धि के पैटर्न को कायम नहीं रख पाएगा।

हालांकि मौसम प्रतिकूल था, जिसने लाभ को प्रभावित किया है, तब भी इस महीने के दौरान एमपीईडीए ने बोस्टन में आयोजित सीफुड़ एक्स्पो नॉर्थ अमरिका में एक उत्कृष्ट पविलियन रखा। प्रदर्शनी में भारतीय पविलियन के अंतर्गत सह-प्रदर्शकों और सह-प्रतिभागियों के रूप में एमपीईडीए के साथ-साथ भारत से बत्तीस निर्यातको ने भाग लिया। हम प्रदर्शनी के अगले संस्करण में भागीदारी को बढाने की उम्मीद कर रहे हैं। इस बीच, एमपीईडीए अप्रैल के आखिरी सप्ताह में ब्रसल्स में आयोजित होने वाली विश्व की सबसे बड़ी समुद्री खाद्य प्रदर्शनी, सीफुड़ एक्स्पो ग्लोबल में भाग लेने के लिए भी तैयार हो रहे हैं, जिसमें एमपीईडीए के तहत 30 निर्यातक भाग ले रहे हैं।

महीने के दौरान मुझे 12 निर्यातक सदस्यों के साथ रूस में एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का अवसर मिला। इस दौरान, हमने रूस के संघीय सीमा शुल्क प्राधिकरणों, पशु चिकित्सा और पादप स्वच्छता निगरानी के लिए रूसी संघीय सेवा, वाणिज्य मण्डल और वरिष्ठ दूतावास के अधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित कीं और रूस के साथ समुद्री खाद्य व्यापार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर तथा उस देश में हमारे व्यापार की मात्रा को बढ़ाने के तरीकों और साधनों का पता लगाने के बारे में भी चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल के अंतिम दिन, दूतावास ने एक क्रेता-विक्रेता बैठक की व्यवस्था की, जिसमें ग्यारह रूसी आयातकों ने भाग लिया। आपको यह सूचित करने में मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है कि यह दौरा बाज़ार की आवश्यकताओं और सीमा शुल्क की वरीयताओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने में बहुत सफल रही। मैं रूसी महासंघ में प्रतिनिधिमंडल के दौरे के लिए सभी व्यवस्थाएँ करने और इसे एक बड़ी सफलता बनाने के लिए भारतीय दूतावास के महामहिम श्री पंकज सरन, और दूतावास के अन्य सभी अधिकारियों को धन्यवाद देता हूँ।

धन्यवाद

बोस्टन में आयोजित सीफुड़ एक्स्पो नॉर्थ अमरीका प्रदर्शनी में एमपीईडीए की भागीदारी



बोस्टन, यूएसए में आयोजित सीफुड़ एक्स्पो नॉर्थ अमरीका प्रदर्शनी का एक दृश्य

बोस्टन में आयोजित सीफुड़ एक्स्पो नॉर्थ अमरीका - 2018 समुद्री उत्पादों और उसकी सेवाओं, चर्चाओं और विचार-विमर्शों का आयोजन, कंपनियों के बीच उत्पादों की तुलना, नए उत्पादों और इसके बाज़ारों के बारे में सीखना, उत्पादन में सुधार की संभावनाओं की खोज, प्रसंस्करण रख-रखाव, पैकिंग आदि को प्रदर्शित करने का एक वास्तविक अवसर था।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्ता वाले उत्पादों को लोकप्रिय बनाने और अपने निर्यात बाज़ार का विस्तार करने के लिए, भारत लगातार दुनिया भर के बाज़ार रुझान को देख रहा है। एमपीईडीए जो समुद्री खाद्य निर्यात के लिए सरकार का एक प्रतिनिधि है, पिछले कई वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय निर्यात संवर्धन कार्यक्रमों का समन्वयन कर रहा है और जुनून से इसमें भाग ले रहा है।

एमपीईडीए ने मार्च 11 से 13, 2018 तक बोस्टन, यू.एस.ए में आयोजित दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी समुद्री खाद्य मेगा प्रदर्शनी-सीफुड़ एक्स्पो नॉर्थ अमरीका-2018 में भाग लिया। यह प्रदर्शनी विश्व के समुद्री खाद्य समर्थकों को एक छतरी के नीचे लाने की आवश्यकता को पूरा करने की अपनी अंतर्राष्ट्रीय भूमिका के लिए बहुत महत्वपूर्ण और सफल था। संयुक्त राज्य अमरीका भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात का एक बड़ा लक्ष्य रहा है। वर्ष 2016-17 में अमरीका ने 1,88,617 मी. टन. भारतीय समुद्री खाद्य का आयात किया, जो डॉलर के मुक़ाबले 29.98 प्रतिशत था। संयुक्त राज्य अमरीका को किए गए निर्यात में 22.72 प्रतिशत, रुपए मूल्य में 33 प्रतिशत और अमेरिकी डॉलर के मामले में 29.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी सीफुड़ एक्स्पो नॉर्थ अमरीका (एसईएनए) का आयोजन बोस्टन कन्वेंशन और सम्मेलन केंद्र में किया गया। लगभग 1346 कंपनियों ने अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन शानदार रूप से किया। जहाँ मशीनरी के संचालन का प्रदर्शन और पकाए हुए समुद्री खाद्य मदों का प्रदर्शन भी किया गया। प्रदर्शनी का प्रायोजन राष्ट्रीय मात्स्यिकी



संस्थान द्वारा की गई थी।

बोस्टन मैसाचुसेट्स की राजधानी है और अमरीका के सबसे पुराने शहरों में से एक है। यहाँ ताज़ा समुद्री खाद्य की विशेषता रखने वाले कई रेस्तरां हैं, जिनमें अमरीका का सबसे पुराना रेस्तरां भी शामिल है।

समुद्री खाद्य प्रदर्शनी उत्तरी अमरीका / समुद्री खाद्य प्रसंस्करण उत्तरी अमरीका आदि उत्तरी अमरीका की सबसे बड़ी समुद्री खाद्य प्रदर्शनी है। दुनिया भर के हजारों खरीददारों और आपूर्तिकर्ताओं ने आपस में मिलने, नेटवर्क और अपने व्यापार को पोषित करने के उद्देश्य से इस वार्षिक प्रदर्शनी में भाग लिया। प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागी, आयातक, निर्यातक, थोक विक्रेता, रेस्तरां, सूपरमार्केट, होटल और अन्य खुदरा और खाद्य सेवा कंपनी के क्षेत्र से थे। आपूर्तिकर्ताओं ने नवीनतम समुद्री खाद्य उत्पादों, प्रसंस्करण और प्रदर्शित पैकेजिंग उपकरण और समुद्री खाद्य बाज़ार में उपलब्ध सेवाएँ प्रदान की।

प्रदर्शनी के 2018 वें संस्कारण में फिजी, ओमान, उक्रेन और वेनेज़ुयुला जैसे नए देश सहित 57 देशों से 1,341 कंपनियाँ शामिल थे। प्रदर्शनी 258,360 वर्ग फुट में फैली हुई थी। इसमें 25 से अधिक सत्रों के साथ साथ एक मास्टर क्लास प्रस्तुति, एक शेफ़ प्रदर्शन, 12 वीं ऑयस्टर शकिंग प्रतियोगिता और सर्वश्रेष्ठ नए खुदरा उत्पाद और सर्वश्रेष्ठ नए खाद्य सेवा उत्पाद के लिए समुद्री खाद्य उत्कृष्टता पुरस्कार प्रतियोगिता सहित कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

(बाएं से दाएं): एमपीईडीए स्टॉल में श्री पी.वी. हरी, निदेशक ईपी(एमपी), डीओसी, श्री जॉन किंग्स्ली, व्यापार संवर्धन अधीकारी, एमपीईडीए न्यूयॉर्क और डॉ. के. गोपाल आनंद, सहायक निदेशक, एमपीईडीए

यूएस द्वारा उपभोग किए जाने वाले 90 प्रतिशत से अधिक समुद्री खाद्य आयातित है, जो समुद्री खाद्य प्रदर्शनी उत्तरी अमरीका को रेस्तरां, सुपरमार्केट, केटरिंग फर्म, समुद्री खाद्य बाज़ार, होटल, एयरलाइन्स, क्रूज़ और कई अन्य जगह के खरीददारों तक विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं को अपना उत्पाद पहुँचाने का अवसर प्रदान करती है।

भारतीय भागीदारी

एमपीईडीए ने एक भारतीय पविलियन स्थापित किया जिसमें भारत से विभिन्न समुद्री खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित करते हुए सह प्रदर्शकों के रूप में छः निर्यातक भाग लिए और 26 निर्यातकों ने टेबल स्पेस लिया। भारतीय पविलियन स्टॉल सं. 1453 में था और 1200 वर्ग फीट फर्श स्थल में था। कार्यक्रम में मेसर्स फोरस्टर फ्रोज़न फुड्स प्रा. लिमिटड, मुंबई; मेसर्स पसुपति एक्वाटिक्स प्रा. लिमिटड, कोलकाता; मेसर्स निला सीफुड्स प्रा. लिमिटड, तुत्तिकोरिन; मेसर्स रांस असोर्टेड कोल्ड स्टोरेज लिमिटड, भुवनेश्वर, मेसर्स वेस्ट कोस्ट फ्रोजन फुड्स प्रा. लिमिटड, मुंबई और मेसर्स गदरे मराइन एक्सपोर्ट प्रा. लिमिटड, रत्नगिरी ने सह-प्रदर्शकों के रूप में भाग लिया।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, निर्यातकों द्वारा अलग से मेसर्स चोईस कान्निंग कंपनी, केरल और मेसर्स सिल्वर मराइन एक्स्पोर्ट्स, आंध्र प्रदेश नामक दो अन्य भारतीय स्टॉलों का भी पंजीकरण और संस्थापन किया गया।

एसईएनए 2018 में एमपीईडीए एवं निर्यातकों की भागीदारी की व्यवस्था श्री जॉन किंग्स्ली भा.प्र.से., व्यापार संवर्धन अधिकारी, एमपीईडीए न्यूयॉर्क, श्री पी.वी. हरी कृष्णा, निदेशक ईपी (एमपी) अनुभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और डॉ. के. गोपाल आनंद, सहायक निदेशक, एमपीईडीए द्वारा की गयी।

एमपीईडीए ने अमेरिकी बाज़ार के लिए उपयुक्त उत्पादों को चुनने में अधिकतम प्रयास और बहुत सावधानी बरती है। एमपीईडीए ने स्टॉल में 71 प्रकार के प्रशीतित और शीतित समुद्री खाद्य मद प्रदर्शित किए।

आगंतुक भारतीय समुद्री खाद्य और उसके उत्पादों के बारे में जानना चाहते थे। भारतीय समुद्री आगंतुका खाद्य मदों के महत्व के बारे में जानने केलिए इच्छुक आगंतुकों को इसका प्रदर्शन किया गया। पूछताछ मुख्यतः श्रिम्प, एल. वन्नामी, पी. मोनोडोन, शीतित मत्स्य मदों, कट्टलफिश, स्क्विड़, ट्यूना, शीतित केकड़ा, पोंफ्रेट, सीबास, क्रोकर आदि के बारे में था। अधिकांश आगंतुक प्रशीतित उत्पादों में रुचि रखते थे जबकि कुछ ने भारत के शीतित मदों के बारे में पूछताछ की। उत्पाद प्रदर्शन के साथ प्रामाणिक चर्चा ने अधिकांश संदर्शकों, व्यापारियों और निर्यातकों को अधिक उत्साही बना दिया और उन्होंने बताया

विपणन समाचार

कि वे वास्तव में मेक इन इंडिया पहल के साथ व्यवसाय करना चाहते हैं। यूएसए, यूरोप, रूस, चीन, ताइवान, जापान, सिंगापुर, कोरिया, लैटिन अमरीका, मध्य पूर्व आदि के कर्मियों ने चर्चा में हिस्सा लिया।

प्रदर्शनी में लगभग 153 व्यापार पूछताछ प्राप्त हुईं जिसे समाचार पत्रिका (न्यूज़लेटर) में संबंधित खंड में अलग से सूचीबद्ध किया है। 3500 से अधिक प्रतिनिधियों ने एमपीईडीए स्टॉल का संदर्शन किया और भारतीय निर्यातकों और उनके उत्पादों का विवरण और भारतीय समुद्री खाद्य संसाधनों की जानकारी सहित अंग्रेज़ी में मुद्रित एमपीईडीए ब्रोशर लिया। अधिकांश संदर्शकों ने भारत की चिरस्थाई जलकृषि के लिए अनुमार्गनीयता और प्रमाणन प्रणाली के बारे में जानने हेतु गहरी रुचि दिखाई। समुद्री खाद्य प्रदर्शनी, पंजीकरण फॉर्म, वेबसाइट विवरण, संपर्क जानकारी इत्यादि पर रुचि रखने वाले आगंतुकों के बीच ब्रोशर वितरित किए गए।

स्टॉल में दो अधिकारियों द्वारा दो राउंड टेबलों में चर्चा की गईं, साथ ही ज़्यादातर समय स्टॉल में जानकारी प्राप्त करने हेतु बहुत भीड़ रही। अधिकारियों ने स्टॉल में प्रदर्शित उत्पादों का प्रदर्शन किया, चर्चाओं का आयोजन किया और और विभिन्न पहलुओं पर किए गए प्रश्नों का निवारण किया। निदेशक, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और टीपीओ, एमपीईडीए, न्यूयॉर्क के आवासी निदेशक द्वारा वेकफ़ेर्न और जलकृषि गठबंधन संगठनों के साथ दो प्रमुख बैठकें आयोजित की गईं।

सहभागी निर्यातकों से प्राप्त प्रतिक्रिया के अनुसार चर्चाएँ प्रगतिशील और उपयोगी थीं। एमपीईडीए के साथ की गई व्यापार की अधिकांश पूछताछ सफ़ेद पैर श्रिम्प, टाइगर श्रिम्प, स्क्विड, कट्टलफिश और कीचड़ केकड़ा आदि पर थी।

निर्यातवृद्धि की संभावना

यूएसए का समुद्री खाद्य उपभोग प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। दूसरी तरफ, देश मत्स्य पकड़ और जलकृषि उत्पादन की निगरानी पर उपयुक्त दिशानिर्देश जारी कर रहा है। पर्यावरण के संरक्षण और चिरस्थाई कृषि तथा मत्स्यन गतिविधियों की

ज़िम्मेदार हैंडलिंग ज़्यादातर ध्यान देनेवाली बात है। इससे जलकृषि उत्पादन में कमी आ सकती है और नए विकास में कुछ बाधाएँ भी आ सकती हैं। अतः समुद्री खाद्य उद्योग के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण हैं कि अपने उत्पादों और प्रक्रियाओं को सही ढंग से करें ताकि ये अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए उपयुक्त हो सकें।

यूएस में समुद्री खाद्य के प्रति व्यक्ति उपभोग में काफी वृद्धि हुई है और युवा पीढ़ी अन्य देशों से स्वच्छ वातावरण और जल संसाधनों सहित विशिष्ट समुद्री खाद्य की तलाश में हैं। यूएसए और दुनिया भर में गुणवत्ता वाले उत्पादों को उपलब्ध कराने के लिए भारत उच्च क्षमता रखता है, उक्त स्थिति का लाभ उठाने के लिए भारतीय निर्यातकों को कार्य करना चाहिए और यूएसए में उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु निर्यात को बढ़ाने में सहायता करना है।

यूएस बाज़ार में भारतीय समुद्री खाद्य एवं इसके मूल्यवर्धित उत्पादों की भारी मांग है। अधिक विविधीकरण और चिरस्थाई मत्स्यन के साथ भारतीय जलकृषि की संभावनाओं को और बढ़ाने की ज़रूरत है। भारतीय प्रदर्शकों के अनुसार, उत्तरी अमरीका की समुद्री खाद्य प्रदर्शनी में भागीदारी ने उनके लिए और अधिक निर्यात तथा व्यापार विकास हेतु कई अवसर प्रदान किए हैं और उनमें से ज़्यादातर निर्यातकों को अपने ग्राहकों के साथ एक उपयोगप्रद समय बिताने का अवसर मिला।

सीफुड़ एक्स्पो नॉर्थ अमरीका - 2018 अत्यंत सुव्यवस्थित थी। भारतीय पविलियन में ख़रीददारों, प्रतिभागियों और संदर्शकों से भारी प्रतिक्रिया मिली, वास्तव में यह व्यापार और बाज़ार संवर्धन के लिए विपुल गुंजाइशों वाली दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनी रही।

समुद्री खाद्य का उपभोग सालाना बढ़ते आयात स्तर और आय से मेल खाती है। 1987 और 2006 के बीच श्रिम्प, सर्वोत्तम समुद्री खाद्य के उपभोग में 92 प्रतिशत की वृद्धि हुई। प्रति वर्ष वैश्विक स्तर पर मत्स्य का प्रतिव्यक्ति उपभोग 20 किलोग्राम तक बढ़ा है।

वर्ष 1960 में, यह आंकड़ा औसतन 9.9 किलोग्राम था और वर्ष 1990 में लगभग 14.4 किलोग्राम था। वर्ष 2016 में अमेरिकियों ने प्रति व्यक्ति 14.9 पाउंड समुद्री खाद्य का उपभोग किया, जबकि यह संख्या वर्ष 2015 की आंकड़ों की तुलना में थोड़ा कम है। जब अमेरिकियों ने प्रतिव्यक्ति 15.5 पाउंड समुद्री खाद्य का उपभोग किया है, तो वर्ष 2020 तक यूएसए का समुद्री खाद्य आयात मौजूदा आंकड़े से अधिक होने की उम्मीद है। समुद्री खाद्य आयात बढ़ रहा है अतः यूएस को अधिनियमित भारतीय निर्यात के विशेषाधिकारों पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंध लगने से पहले संभावित क्षमता का लाथ उठाने का यह सबसे अच्छा समय है।

ये सभी यूएसए के समुद्री खाद्य आयात बाज़ार में भारतीय निर्यातकों द्वारा एक बेहतर भूमिका निभाने के लिए उच्च संभाव्यता और क्षमता का प्रदर्शन करते हैं। भारत के समुद्री खाद्य कंपनियों को चुनौतियों से निपटना चाहिए, बाज़ार का विस्तार करने के अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और समुद्री खाद्य निर्यात को सबसे उच्च स्तर पर पहुँचाने का प्रयास करना चाहिए।

Freight Brokers Global Services

The world within reach.

C-TPAT Customs-Trade Partnership Against Terrorism
BUILDING PARTNERSHIPS • PROTECTING FREEDOM

Looking to Export to the U.S.?

HOW CAN FBGS HELP YOU?

Let our dedicated team with decades of experience assist you

National Customs Brokerage

Domestic and International Air Freight

FCL/LCL Ocean Freight

Full Service, Inter-Modal & LTL Trucking

Cold/Dry/Bonded Warehouse & Distribution

Full Service FDA Security & Compliance Consulting

First Time Importer Assistance

- Bond and Licensing Assistance
- FDA/USDA/Fish & Wildlife - OGA Compliance
- ADD/CVD Monitoring & Refunds
- "Green Ticket Applications" & Monitoring
- National Cold Storage Network
- Reduced Duty Rates

LET'S GET STARTED!

Call: +91 98478 02324

Email: ExportUSA@FreightBrokersGlobal.com

1200 Brunswick Ave, Far Rockaway, NY 11691

www.FreightBrokersGlobal.com

कट्टलफिश/स्क्विड के संरक्षण हेतु पाक बे में पर्यावरण-अनुकूल मत्स्य संकलन डिवाइस

एफ़एडी के परिनियोजन का ओनबोर्ड प्रदर्शन

भारत के दक्षिण पूर्व तट में स्थित पल्क बे, कट्टलफिश और स्क्विड जैसे उच्च मूल्य वाली मत्स्य प्रजातियों के प्राकृतिक प्रजनन के लिए एक जगह प्रदान करता है। हालांकि, मत्स्यन दबाव की वृद्धि और चिरस्थाई मत्स्यन प्रथाओं की कमी मत्स्य उत्पादकता में गिरावट का कारण बन गया है। अतः नेटफिश द्वारा ओमकार प्रतिष्ठान के साथ मिलकर पर्यावरनानुकूल मत्स्य संग्रहण उपकरण (एफ़एडी) का उपयोग करके पल्क बे में सेफालोपोड़ मात्स्यिकी में सुधार लाने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में, डॉ. विनोथ एस. रवीन्द्रन, राज्य समन्वयक, नेटफिश ने एक अवधारणा दी और वर्तमान परिदृश्य में कट्टलफिश स्क्विड स्टॉक की वृद्धि के महत्व के बारे में व्याख्यान दिया। उन्होंने गैर बायोडीग्रेडेबल सामग्रियों से बने एफ़एडी का उपयोग करके मादा कट्टलफिश / स्क्विड के विनाशकारी जिंगिंग के हानिकारक प्रभावों के बारे में भी विस्तार से बताया।

प्रदर्शन सत्र के दौरान, तट के पास के जल में फैले एफ़एडी, कट्टलफिश / स्क्विड आबादी में वृद्धि कर सकते हैं, यही वैज्ञानिक आशय के साथ तटरेखा से लगभग 2 कि.मी. दूरी पर एफ़एडी को परिनियोजित किया गया। नारियल के पत्तों से बना कट्टलफिश / स्क्विड संग्रहण उपकरण जो लागत प्रभावी और बायोडीग्रेडेब्ल हैं, लगभग 4 मीटर की गहराई पर परिनियोजित किए गए। सामान्य समीप तटीय मत्स्यन कार्यकलापों को प्रभावित किए बिना चयनित स्थानों में एफ़एडी परिनियोजित किए गए। जूट की रस्सियों का उपयोग करके एफ़एडी मूरिंग लाइनों और अनुलग्नक रस्सियों को जोड़ा गया और स्कूबा डाइवरों द्वारा 25 किलोग्राम मिट्टी बैग का उपयोग करके समुद्रीतल में परिनियोजित किया गया।

पूरे ग्रीष्म ऋतु (मार्च-मई 2018) में एफ़एडी की निगरानी मासिक आधार पर स्कूबा डाइवर्स द्वारा की जाएगी। अंडे और प्रजनकों की संख्या की गिनती हेतु प्रत्येक नारियल पत्ते की प्रत्यक्ष जाँच की जाएगी। प्रशिक्षण द्वारा मछुवारों को पर्यावरणानुकूल एफ़एडी के महत्व और मादा कट्टलफिश/ स्क्विड और अंडों को विनाश से बचाने की आवश्यकता पर ज्ञान इकट्ठा करने में मदद मिली।

नेटफिश द्वारा बन्दरगाहों पर 'न्यूनतम कानूनी आकार' साइन बोर्ड की स्थापना

नेटफिश द्वारा बन्दरगाहों पर स्थापित एमएलएस साइन बोर्ड

ऑइल सारडीन जैसे प्राचीन मत्स्य प्रजातियों की भारी गिरावट की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 2015 में केरल सरकार ने सीएमएफ़आरआई, कोच्ची द्वारा सरकार को दी गई सिफ़ारिश के अनुसार, किशोर मत्स्य पकड़ को नियंत्रित करने के लिए 14 मत्स्यन प्रजातियों के लिए न्यूनतम कानूनी आकार (एमएलएस) लागू करके एक मज़बूत निर्णय लिया है। इसके बाद केरल में एमएलएस के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और पणधारियों के समूहों की भागीदारी के साथ कई कार्यशालाएँ और चर्चाएँ आयोजित की गईं। नेटफिश ने भी इस प्रयास में हाथ मिलाया और एक पहल के रूप में अगस्त 2016 के दौरान राज्य मात्स्यिकी विभाग, सीएमएफ़आरआई और सीआईएफ़टी के सहयोग से 'केरल के समुद्री मात्स्यिकी क्षेत्र में न्यूनतम कानूनी आकार (एमएलएस) का प्रभावी कार्यान्वयन' पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला भी आयोजित की।

कार्यशाला की प्रमुख सिफ़ारिशों में से एक सीएमएफ़आरआई द्वारा सुझाए गए अनुसार अधिक प्रजातियों के लिए एमएलएस लागू करना था। वर्ष 2017 में केरल सरकार ने अतिरिक्त 44 प्रजातियों के लिए एमएलएस अधिसूचित किया। इसके प्रयासों के अलावा नेटफिश ने मछुआरों के बीच एमएलएस को लोकप्रिय बनाया और समुद्री मात्स्यिकी क्षेत्र में एमएलएस के बारे में उन्हें अवगत कराया। इन लोकप्रिय अभियानों के आगे, नेटफिश ने 58 मत्स्यन मदों के लिए अधिसूचित एमएलएस पर जानकारी दर्शाते हुए केरल के प्रमुख बन्दरगाहों में हाल ही में कुछ सूचना पट्ट स्थापित किए हैं। जनता तक पहुँचने के लिए 19 x 5 वर्ग फीट आकार का एक विशाल साइन बोर्ड मुनंबम बन्दरगाह के अंदर और चेट्टुवा बन्दरगाह के प्रवेश द्वार के पास में भी स्थापित किया गया है।

फरवरी 2018 के दौरान शक्तिकुलंगरा बन्दरगाह के नीलामी कक्ष के बाहरी दीवार पर एक और बड़ा साइन बोर्ड स्थापित किया गया। यदि एमएलएस प्रभावी ढंग से कार्यान्वित किया जाता है, तो यह भारत के समुद्री मात्स्यिकी संसाधन प्रबंधन के इतिहास में केरल राज्य द्वारा एक नए अध्याय का सृजन होगा और इसका अनुकरण देश के अन्य राज्य भी कर सकेंगे।

श्रिम्प पीलिंग में संभावित नई प्रौद्योगिकियों का अनुप्रयोग

भार्गवी प्रियदर्शिनी, श्रिनु रथलावत, जी. प्रवीण कुमार, के.ए. मार्टिन ज़ेवियर

श्रिम्प को लंबे समय से दुर्लभ, परिष्कृत और महंगा खाद्य माना जाता था। जलकृषि के विकास के बाद श्रिम्प बाज़ार तेज़ी से बढ़ गया है। शेल निकालना पील्ड श्रिम्पों के प्रसंस्करण की एक महत्वपूर्ण कदम है। संरचनात्मक रूप में, यह शेल संलग्नक फाइबर के ज़रिए एपीड़ेर्मिस से कसकर जुड़ा हुआ है और एपीड़ेर्मिस व्यापक अंतर-डिजिटेशन्स (टैलबोट एट अल., 1972) के ज़रिए मांसपेशियों से सुरक्षित रूप से जुड़ा हुआ है। समुद्री खाद्य उद्योगों में, श्रिम्प पीलिंग हाथ से किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप टूटा हुआ मांस और शेल, मांस की कम उत्पाद, कम ऑर्गोलेप्टिक गुणवत्ता, मांस पर शेष शेल का उच्च अनुपात, पुनः पीलिंग के कारण उच्च बल/श्रम की खपत आदि होता है। अतः श्रिम्प का शेल निकालना एक महत्वपूर्ण कदम है जिस पर एक गहन विचार की आवश्यकता है। (डांग एट अल., 2017)

परंपरागत पीलिंग तरीके

ताप उपचार

ताप उपचार कुछ हद तक संयोजी ऊतक को तोड़ने में सक्षम है और श्रिम्प से शेल को आसानी से निकालने में मदद करता है। ताप उपचार करने से मांसपेशियों के अंदर के जल नष्ट होने के कारण पील्ड मांस उत्पाद को कम कर देता है।

आइसिंग

स्टर्न (1958) द्वारा पीलिंग में बर्फ परिपक्वता रिपोर्ट किया गया था, जिसमें श्रिम्प को एक दिन बर्फ पर परिपक्व किया जाता है, इसका पीलिंग ताज़ा लैंडेड श्रिम्प की तुलना में आसान था। यह सुझाव दिया गया था कि बर्फ परिपक्वता शेल और मांसपेशियों के बीच के संयोगी ऊतक का एंजाइमेटिक डीग्रेडेशन करता है, जिसके परिणामस्वरूप ऊतक के कुछ हिस्से घुलनशील हो जाते हैं और पीलिंग मशीन में तीव्र धुलाई के दौरान घुलनशीलता कम हो जाता है (टेलर, 1983)। इस पहलू में, प्रोटीन और नमी को बनाए रखेने के लिए फॉस्फेट का उपयोग किया जाता था, जिससे उपज की हानि कम हो जाता है और यह एक पीलिंग एजेंट के रूप में भी काम करता है।

उच्च दबाव प्रसंस्करण

अत्यधिक उच्च दबाव प्रोटीन संरचना और हाइड्रोजन बॉन्ड, इलेक्ट्रोस्टैटिक बॉन्ड, हाइड्रोफोबिक विनिमय, साथ ही साथ डिस्प्लेइड बॉन्ड सहित अंतर-/अन्तः आणविक विनिमय को बाधित कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रोटीन

फ़सलोत्तर प्रौद्योगिकी विभाग
आईसीएआर-केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान (सीआईएफ़ई), मुंबई, पिन : 400 061
इ-मेइल : mocherla.bhargavi@gmail.com

घुलनशीलता, संग्रहण, डीनैचुरेशन, जलेशन या डीपोलीमरैसेशन जैसे संरचनात्मक परिवर्तन और कार्यात्मक संशोधन होते हैं। अध्ययनों ने यह रिपोर्ट किया है कि चतुर्भागात्मक संरचना, तृतीयक संरचना और माध्यमिक संरचना में प्रमुख बदलाव आम तौर पर क्रमशः हल्के दबाव (150 एमपीए-200 एमपीए), मध्यम दबाव (200 एमपीए से ऊपर) और अपेक्षाकृत उच्च दबाव (300 एमपीई-700 एमपीई) पर होते हैं। (एर्सेन एट अल., 2009) अत्यधिक उच्च दबाव उपचार में उच्च मांसपेशी प्रामाणिकता, मांस उत्पाद में वृद्धि और एन्ज़ाइम तथा रंग, स्वाद, रसदार और पौष्टिक सामग्री के न्यूनतम नुक्सान (क्रूज़-रोमेरो एट.अल., 2007) सहित सूक्ष्मजीवों की निष्क्रियता के कारण बढ़ी हुई सुरक्षा जैसे कई फायदे हैं।

5 मिनट के लिए 200 एमपीई पर उपचार क्रेफिश को शकिंग और मांस की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए सर्वोत्तम है (शाओ एट.अल.2018)। शोध परिणामों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि 3 मिनट के लिए 200 एमपीए पर एचएचपी की शकिंग स्थिति 100 प्रतिशत अलगाव, अनभिज्ञेय प्राकृतिक सूक्ष्मजीव और योजक मांसपेशियों में न्यूनतम परिवर्तन प्राप्त कर सकता है। कुल मिलाकर कहें तो, इस परिणाम ने इस प्रक्रिया के उपयोग का पता लगाने के लिए मात्रात्मक मानकों के साथ बे स्क्लेप शकिंग में एचएचपी की उपयोगिता प्रदान की (वैआई एट. अल.2013)। यांग एट. अल.(2010) ने बताया कि उच्च दबाव प्रसंस्करण से पीलिंग, पूंछ संपूर्णता, ड्रिप हानि और सफ़ेद श्रिम्प के रंग परिवर्तन (पीनस वन्नामी बूने) आदि में महत्वपूर्ण सुधार हुआ हैं। 3 मिनट के लिए 200 एमपीए पर दबाव उपचार पीलिंग प्रयोजन के लिए पर्याप्त पाया गया था और इसके परिणामस्वरूप पील करने वाले श्रिम्प की पूंछ संपूर्ण थी।

ताज़ा गैर उपचारित ताज़ा श्रिम्पों की तुलना में ड्रिप की कमी आधा हो ने और रंग में बदलाव न आने के कारण एचपी प्रसंस्कृत (200 एमपीए, 3 मिनट) श्रिम्प की गुणवत्ता में और सुधार हुआ। यह माना गया कि श्रिम्प में दबाव जल प्रवाह की सुविधा के परिणामस्वरूप प्रोटीन डीनैचुरेशन हो गया, जिससे प्रोटीन तल पर जल बाइंडिंग स्थलों के संपर्क के कारण जल की होल्डिंग क्षमता बढ़ी।

अल्ट्रा ध्वनि सहायक पीलिंग

खाद्य उद्योग ने हाल ही में खाद्य प्रसंस्करण के लिए पवर अल्ट्रासाउंड के प्रयोग में रुचि दिखाई है। यह परंपरागत तरीकों की तुलना में उच्च क्षमता और पर्यावराणुकूल तकनीक साबित हुई है। यह व्यापक रूप से प्रशीतन, कटाई, शुष्कन, ठंडा करने, ब्लीचिंग, विसंकमण और निचोड़ के लिए इस्तेमाल किया गया है (वांग एट अल., 2018)। उच्च तीव्रता अल्ट्रासाउंड की तीव्रता > 1 डब्ल्यू / सेमी 2 है और यह 18 से 100 किलोहट्र्ज़ तक की आवृत्तियों पर चालू किया जाता है। कैविटेशन एक मुख्य तंत्र के रूप में माना जाता है, जिसके द्वारा इस तरह की अल्ट्रासाउंड ऊष्मा को बढ़ाता है और मांस अंतरण प्रतिभास होता है (किम एट अल., 2004)। स्थिर कैविटेशन बुलबुला को बनाएँगे और जिससे इम्प्लोडिंग के बिना सूक्ष्म उत्तेजना उत्पादित होती है। यदि अस्थिर है, तो वर्धित दबाव और ऊष्मा के साथ बुलबुले का एक

प्रतिरोध होता है, उच्च ऊर्जा तत्व वाले माइक्रोजेट जारी करता है, रासायनिक प्रतिक्रियाओं में तेज़ी लाने, कोशिकाओं को नुक्सान पहुंचाने और माइक्रोमोलिक्यूल्स और एनजाइमों को प्रभावित करने में सक्षम होता है (डी लीमा अल्व्स एट अल., 2017)। लंबे समय तक की सोनिकेशन (10-15 मिनट) के साथ किए गए सोनिकेशन (अल्ट्रासाउंड: 20 किलोहर्ट्ज़ की आवृत्ति, 750 वाट तीव्रता की ऊर्जा) उपचार ने श्रिम्प मेलेनोसिस अवरोध की क्षमता को बढ़ाया और सूक्षमजीवविज्ञान विश्लेषण से यह भी पता चला कि अल्ट्रासाउंड का उपयोग करके ईजीसीजी घोल से उपचार किए गए श्रिम्प में कुल व्यावहार्य गणना, साइक्रोफिलिक सूक्ष्मजीव को कम मात्रा में देखने को मिलता है (साई-ली एट अल., 2018)।

एन्ज़ाइम की सहायता से पीलिंग

पोस्ट-मॉर्टम स्टोरेज के दौरान श्रिम्प में आंतरिक एन्ज़ाइम और सूक्ष्मजीवों से एन्ज़ाइम शेल को बढ़ाने के लिए उत्तरदायी है। बाह्य स्त्रोतों से एंज़ाइमों का जोड़ उदाहरण के लिए शेल निकालने में तेज़ी लाने में सूक्ष्मजीव, पौधे और पशु, परिपक्वता प्रक्रिया केलिए एक संभावित दृष्टिकोण हो सकता है।

फहमेलिंग (1970) ने वैक्यूम के समर्थन के साथ क्रस्टेशियन के पूरे शरीर में प्रोटीज़, कार्बोहाइड्रेज और सेल्लुलेज के मिश्रण लगाया और जबकि गैलेंट एट. अल. (2001) ने शेल को निकालने के लिए क्रस्टेशियन के सिर में प्रोटीज़ की एक मजबूत सांद्रता (~55%) को प्रयोग किया। प्रोटीओलिटिक एंज़ाइमों ने शेल निकालने में मदद प्रदान की और पीलिंग का काम, पूरी तरह से पील्ड श्रिम्प और मांस उत्पाद के मामले में श्रिम्प पीलिंग में सुधार हुआ। एंडोप्रोटीस एंडो 3-घोल में परिपक्व श्रिम्प में आम तौर पर एक्सोप्रोटीस की तुलना में सबसे कम पीलिंग काम के साथ उच्चतम पीलिंग क्षमता, पूरी तरह से पील्ड श्रिम्पों का उच्चतम अनुपात और काफी उच्च मांस उत्पाद पाया जाता है, जो सबसे अधिक एंडोप्रोटीस की गैर-विशिष्ट गतिविधि के कारण होता है जो गैर- टेर्मिनल एमिनो एसिड के पेप्टाइड बॉन्ड को साफ करता है।

माइक्रोवेव

खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में कई दशकों से माइक्रोवेव तापन एक व्यापक अनुप्रयोग हैं। खाद्य प्रसंस्करण में माइक्रोवेव तापन के अनुप्रयोगों में शुष्कन, पास्तुरीकरण, चारागाहीकरण, विसंक्रमण, विघलन, टेंपरिंग, खाद्य सामग्री का बेकिंग आदि शामिल है। माइक्रोवेव में एलेक्ट्रोमग्नेटिक तरंगें हैं जिनकी आवृत्ति 300 मेगाहर्ट्ज़ से 300 जीगाहर्ट्ज़ के बीच परिवर्तित होती है। आम तौर पर घरेलू माइक्रोवेव उपकरण 2.45 जीगाहर्ट्ज़ की आवृत्ति पर काम करते हैं, जबकि व्यावहारिक माइक्रोवेव प्रणाली 915 मेगाहर्ट्ज़ और 2.45 जीगाहर्ट्ज़ (दत्ता, 2001) की आवृत्तियों पर काम करते हैं। माइक्रोवेव तापन, माइक्रोवेव ऊर्जा को अंतर्लीन करने और इसे गर्मी में बदलने हेतु सामग्री की क्षमता के कारण होता है। माक्रोवेव में खाद्य सामग्रियों का तापन मुख्य रूप से द्विध्रुवीय एवं आयनिक तंत्र के कारण होता है।

जल की द्विध्रुवीय प्रकृति के कारण नमी या जल की उपस्थिति डैलेक्ट्रिक तापन का कारण बनती है। जब जल के अणुओं में दोलनशील विद्युत क्षेत्र होता है, तो स्थाई रूप से ध्रुवीकृत द्विध्रुवीय अणु विद्युत क्षेत्र की दिशा में पुनः श्रेणीबद्ध करने की कोशिश करते हैं। विद्युत क्षेत्र की उच्च आवृत्ति के कारण, पुनः श्रेणीबद्धीकरण प्रतिक्षण दस लाख बार होता है और इससे अणुओं का आंतरिक घर्षण होता है जिसके परिणामस्वरूप सामग्री का वॉल्यूमेट्रिक तापन होता है (चंद्रशेखर एट अल., 2013)। समुद्री खाद्य उद्योग में माइक्रोवेव उपचार पारंपरिक विधि के बजाय श्रिम्प विगलन के लिए प्रयोग किया जाता है जहाँ श्रिम्प को चलते हुए पानी के नीचे विगलित किया जाता है। माइक्रोवेव द्वारा विगलित श्रिम्प की पीलिंग पात्रि पानी के नीचे विगलित श्रिम्प की तुलना में 1.7% कम था। हालांकि, माइक्रोवेव विधि न केवल विगलन के लिए कम पानी का उपयोग करते हैं, बल्कि इसके परिणामस्वरूप इसके बाद की पकाने की प्रक्रिया के दौरान उच्च प्रोटीन अवधारण भी होता है (बेजानसन एट अल., 1 973)। छोटे आकार के खाद्य उत्पादों को तेज़ी से गर्म करने के लिए माइक्रोवेव अधिक स्वीकार्य है लेकिंग बड़े आकार के सामग्रियों को गर्म करने के लिए उपयुक्त नहीं है।

ओहमिक तापन (ओएच) प्रौद्योगिकी

ओहमिक तापन एक आधुनिक थर्मल प्रक्रिया है जिसमें खाद्य दो इलेक्ट्रोड के बीच विद्युत प्रतिरोध के रूप में कार्य करता है। एक वैकल्पिक करेंट को सीधे एक प्रवाहीय खाद्य के माध्यम से भेजा जाता है, जिससे आंतरिक तापन उत्पादित होता है। ओहमिक प्रक्रिया की प्रकृति के कारण, गरम पानी से स्नान को द्वारा प्राप्त तापन प्रक्रिया की तुलना में उत्पादित तापन-पकाए जानेवाले उत्पाद में ज्यादा समान और प्रभावी रूप से वितरित किय जा सकता है। श्रिम्प के प्रसंस्करण विशेषकर विगलन प्रयोजनों के लिए ओएच के प्रयोग पर पिहले कुछ शोध किए गए हैं।

हाल ही में, मांस उत्पादों, फल उत्पादों, सब्जी उत्पादों के पूर्व तापन, ब्यांच एवं पाश्चुरीकरण तथा उन्हें जीवाणुरहित करने हेतु ओहमिक तापन का थर्मल विधि के रूप में प्रयोग किया जाता है (रामास्वामी एट अल., 2014)। यह प्रक्रिया पकाए जा रहे खाद्य के विद्युत प्रतिरोध के उपयोग के आधार पर होता है। भोजन के माध्यम से जब एक विद्युत प्रवाह होता है तो विद्युत ऊर्जा के अपव्यय के करण ताप उत्पादित हो जाता है (जौल प्रभाव)। विघटिन ताप की मात्रा सीधे लागू वोल्टेज और उत्पाद के विद्युत चालकता या प्रत्येक उत्पाद अंश से संबंधित है (ओहम का सिद्धांत) (वर्गीस एट. अल., 2014)।

निष्कर्ष

शेल फिश के शेल निकालने में उच्च दबाव प्रसंस्करण और एंज़ाइमों पर अध्ययन किया गया है। माइक्रोवेव, अल्ट्रासाउंड और ओहमिक ताप पर अध्ययन के रिपोर्टों का अध्ययन श्रिम्प के पीलिंग के संबंध में नहीं किया गया है, बल्कि कई शोधकर्ताओं ने फलों और सब्जियों के पीलिंग में इन तकनीकों का अध्ययन किया है। भविष्य में परिचालन स्थितियों के अनुकूलन में, जिस पर आधुनिक प्रौद्योगिकी गुणवत्ता के साथ सबसे अच्छी पीलिंग क्षमता प्रदान करती हैं और श्रिम्प उद्योगों और शोधकर्ताओं के लिए सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है।

संदर्भ सूची

BEZANSON A., LEARSON R. & TEICH W. 1973. Defrosting shrimp with microwaves.

CHANDRASEKARAN S., RAMANATHAN S. & BASAK T. 2013. Microwave food processing—A review. ***Food Research International***, 52, 243-261.

CHEMAT F. 2011. Zill-E-Humaa e Khan. ***MK Applications of ultrasound in food technology***.

CRUZ-ROMERO M., KELLY A. & KERRY J. 2007. Effects of high-pressure and heat treatments on physical and biochemical characteristics of oysters (Crassostrea gigas). ***Innovative food science & emerging technologies***, 8, 30-38.

DANG T. T., GRINGER N., JESSEN F., OLSEN K., BØKNÆS N., NIELSEN P. L. & ORLIEN V. 2017. Emerging and potential technologies for facilitating shrimp peeling: A review. ***Innovative Food Science & Emerging Technologies***.

DANG T. T., GRINGER N., JESSEN F., OLSEN K., BØKNÆS N., NIELSEN P. L. & ORLIEN V. 2018. Enzyme-assisted peeling of cold water shrimps (Pandalus borealis). ***Innovative Food Science & Emerging Technologies***.

DATTA A. K. 2001. ***Handbook of microwave technology for food application***, CRC Press.

DE LIMA ALVES L., DA SILVA M. S., FLORES, D. R. M., ATHAYDE D. R., RUVIARO A. R., BRUM D., BATISTA V. S. F., DE OLIVEIRA MELLO R., DE MENEZES C. R. & CAMPAGNOL, P. C. B. 2017. Effect of ultrasound on the physicochemical and microbiological characteristics of Italian salami. ***Food Research International.***

KIM, H.-Y., KIM Y. G. & KANG B. H. 2004. Enhancement of natural convection and pool boiling heat transfer via ultrasonic vibration. ***International Journal of Heat and Mass Transfer***, 47, 2831-2840.

RAMASWAMY H. S., MARCOTTE M., SASTRY, S. & ABDELRAHIM K. 2014. ***Ohmic heating in food processing***, CRC press.

SAE-LEAW T., BENJAKUL S. & VONGKAMJAN K. 2018. Retardation of melanosis and quality loss of pre-cooked Pacific white shrimp using epigallocatechin gallate with the aid of ultrasound. ***Food Control***, 84, 75-82.

SHAO Y., XIONG G., LING J., HU Y., SHI L., QIAO Y., YU J., CUI Y., LIAO L. & WU W. 2018. Effect of ultra-high pressure treatment on shucking and meat properties of red swamp crayfish (Procambarus clarkia). ***LWT-Food Science and Technology***, 87, 234-240.

TALBOT P., CLARK JR, W. H. & LAWRENCE A. L. 1972. Ultrastructural observations of the muscle insertion and modified branchiostegite epidermis in the larval brown shrimp, Penaeus aztecus. ***Tissue and Cell***, 4, 613-628.

VARGHESE K. S., PANDEY M., RADHAKRISHNA K. & BAWA, A. 2014. Technology, applications and modelling of ohmic heating: a review. ***Journal of food science and technology,*** 51, 2304-2317.

WANG W., WANG L., FENG Y., PU Y., DING T., YE X. & LIU D. 2018. Ultrasound-assisted lye peeling of peach and comparison with conventional methods. ***Innovative Food Science & Emerging Technologies***.

YI J., XU Q., HU X., DONG P., LIAO X. & ZHANG Y. 2013. Shucking of bay scallop (Argopecten irradians) using high hydrostatic pressure and its effect on microbiological and physical quality of adductor muscle. Innovative Food Science & Emerging Technologies, 18, 57-64.

FEHMERLING G.B. 1970. U.S Patent No. 3,513,071. Washington DC, U.S. Patent and Trademark Office (1970)

GALLANT C.G. , HONG L. ABLETT R. U.S Patent No. 6,235,338 U.S. Patent and Trademark Office, Washington, DC (2001)

जीपीएस हैंडलिंग में प्रशिक्षिण पा रहे मछुआरे

पूंपुहार, तमिलनाडु में जीपीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम

मत्स्य गुणवत्ता प्रबंधन एवं चिरस्थाई मत्स्यन नेटवर्क (नेटफिश), ने फरवरी 2018 के दौरान अपने सदस्य एनजीओं के सहयोग और जीपीएस व्यापारियों के तकनीकी विशेषज्ञों के समर्थन के साथ तमिलनाडु और कर्नाटक के मछुआरों के लिए वैश्विक स्थल निर्णयन प्रणाली (ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम) के संचालन पर कुछ प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निष्पादन किया। यह जीपीएस मध्य- समुद्र में मत्स्यन के दौरान मछुआरों को अपनी स्थिति में सुधार करने में सहायक होंगे। जीपीएस हैंडलिंग पर मछुआरे लोगों को सुव्यवस्थित प्रशिक्षण और उनकी मत्स्यन क्षमता में सुधार लाने के लिए समस्या निवारण तकनीकें प्रदान करना और सुरक्षित नौपरिवहन सुनिश्चित करना भी प्रशिक्षण के प्रमुख उद्देश्य हैं।

पॉंडिच्चेरी, तमिलनाडु में प्रशिक्षण कार्यक्रम

कडल्लूर, तमिलनाडु में जीपीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम

तमिलनाडु में नेटफिश ने अपने सहयोगी गैर सरकारी संगठनों, एम.एस. स्वामिनाथन अनुसंधान संस्थान (एमएसएसआरएफ़) और व्यावसायिक स्वास्थ सोसाइटी, पर्यावरण और सामाजिक सुरक्षा (एसओएचईएस) के द्वारा दिनांक फरवरी 12, 18 तथा 19 को क्रमशः पूम्पुहार, कडलूर, तथा पोण्डिच्चेरी में छः जीपीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। इन प्रशिक्षणों से तीस मछुआरे लाभान्वित हुए और कुल 120 मछुआरों को

कर्नाटक में जीपीएस प्रशिक्षण कार्यक्रम

निम्नलिखित पहलुओं पर अवगत कराया गया; जैसेकि जीपीएस के क्रियाकलापों, विभिन्न जीपीएस रिसीवर, जीपीएस की सटीकता, जीपीएस सिग्नल ग्रहण, वे पोइंट को कैसे रिकार्ड किया जाता है रिकार्ड किए गए वे पोइंट को कैसे नविगेट करें, बचाव स्थितियों में जीपीएस वे पोइट का उपयोग कैसे करें, निकटता अलार्म का कार्य, समस्या निवारण आदि। इसके अलावा प्रशिक्षणार्थियों को अक्षांश, देशांतर और यह जीपीएस निर्देशांक की डिग्री, मिनट और सेकंड से कैसे संबंधित है, यह सगझाया गया।

कर्नाटक में, फरवरी 21 से 22 के दौरान गंगोली, होन्नावर और माल्पे में जीपीएस के संचालन पर एक जागरूकता आयोजित की गई जिसमें, मत्स्यन यानों के कर्मीदल और यान मालिकों सहित कुल 85 प्रतिभागी लाभान्वित हुए। श्री के. ए. नारायणा, कर्नाटक में नेटफिश राज्य समन्वयक के साथ श्री संतोष पाटील, एजीएम, फुरुणो, मोलूभोय, मुंबई ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया और प्रशिक्षणार्थियों को मत्स्यन यानों में जीपीएस को संचालन एवं उपयोग को बहत्तर रूप से समझाने में मदद की।

सैध्दान्त्रिक एवं व्यावहारिक सत्रों ने प्रशिक्षणार्थियों को कई विकल्पों को समझने में सक्षम बनाया।

फरवरी 2018 के दौरान भारत के चयनित बन्दरगाहों में समुद्री मत्स्य अवतरण की मुख्य विशेषताएँ

सुभ्रकांता मोहापात्र, वी.वी. अफसल, एन.जे. नीतू, जोइस वी तोमस
नेटफिश-एमपीईडीए

प्रस्तावना

मत्स्यन दबाव में वृद्धि और जलवायु परिवर्तन परिदृश्य की वजह से मत्स्यन संसाधनों की चिरस्थाईता पर गहराई से प्रभाव पड़ा है और इस प्रकार चिरस्थाई पैदावार समय की जरूरत बन गई है। पकड़ की प्रभावी निगरानी मत्स्य प्रबंधन का एक अनिवार्य हिस्सा है। एमपीईडीए की पकड़ प्रमाणन प्रणाली के एक हिस्से के रूप में भारत के पूर्व और पश्चिमी तटों के साथ प्रमुख मत्स्यन बंदरगाहों पर नाव आगमन और मत्स्य अवतरण पर जानकारी नेटफिश द्वारा रिकार्ड किया जाता है। नेटफिश देश के 9 समुद्री राज्यों में से 46 प्रमुख बंदरगाहों और अवतरण केन्द्रों (तालिका 1) में नाव आगमन और मत्स्य अवतरण को रिकार्ड करके भारतीय तट में समुद्री मत्स्य पकड़ की निगरानी करता है। अवतरण का मूल्यांकन करने हेतु संग्रहित आँकड़े को एमएस ऑफिस (एक्सेल) का उपयोग कर प्रजाति-वार, राज्य-वार, क्षेत्र-वार और पत्तन-वार के अनुसार संसाधित किया जाता है। इस रिपोर्ट में फरवरी 2018 के दौरान भारत के प्रमुख बंदरगाहों में किए गए समुद्री मत्स्यन अवतरण पर प्रकाश डाला गया है।

क्रम सं.	राज्य	मत्स्यन बंदरगाह
1	केरल	बेपोर
2		पूतियाप्पा
3		तोप्पुंपड़ी
4		मुनंबम
5		शक्तिकुलंगरा
6		तोट्टप्पल्ली
7		कायमकुलम
8		विषन्जम
9	कर्नाटक	मैंगलोर
10		माल्पे
11		गंगोली
12		तद्री
13		कारवार

संकेंद्रित क्षेत्र

14	महाराष्ट्र	हार्णे
15	महाराष्ट्र	न्यू फेरी वार्फ़
16		रत्नागिरी (मिरकरवाड़ा)
17		सस्सों डॉक
18	गुजरात	वेरावल
19		पोरबंदर
20		मंगरोल
21	पश्चिम बंगाल	डिघा (शंकरपुर)
22		देशप्रान
23		नंखाना
24		सुल्तानपुर
25		ककद्वीप
26		राइडिगी
27	ओड़ीशा	पारादीप
28		बालरामगडी
29		बहाबलापुर
30		धमारा
31	आंध्र प्रदेश	काक्किनाड़ा
32		मछलीपट्टिनम
33		निज़ामपट्टिनम
34		विशाखापट्टिनम
35	तमिलनाडु	चेन्नै
36		पषाईयार
37		नागपट्टिनम
38		तूत्तिकोरिन
39		कडलूर
40		मंडपम
41		कोलच्चल
42		पोण्डिच्चेरी
43		कारैक्कल
44	तमिलनाडु	छिन्नमुट्टम
45	गोआ	कटबोना
46		मालिम

मत्स्य अवतरण पर आधारित अनुमान

फरवरी 2018 में, 46 अवतरण केन्द्रों से कुल 61,463.55 टन समुद्री मत्स्यन संसाधनों का अवतरण दर्ज किया था, जिनमें पेलाजिक फ़िनफिश का योगदान 27,282.94 टन (44%) हिस्से के साथ उच्चतम दर्ज किया गया और इसके बाद क्रमशः 18,369.24 टन (30%), 15, 811.37 टन (26%) के योगदान के साथ डेमर्सल फ़िनफिश और शेलफिश संसाधन थे (चित्र 1)।



चित्र. 1. फरवरी के दौरान श्रेणी-वार मत्स्य अवतरण 2018

अवतरण के अंतर्गत कुल 111 समुद्री मत्स्यन मद शामिल थे, जिनमें से क्रमिक आधार पर सर्वोच्च पाँच योगदानकर्ता थे, स्क्विड, इंडियन मैकरेल, रिबन फिश, जापानीस थ्रेड फिन ब्रीम और ट्यूना (चित्र 2), जिसने कुल मिलाकर कुल पकड़ के 38% का गठन किया। उपर्युक्त सूचीबद्ध 5 प्रमुख योगदानकर्ताओं के अतिरिक्त, इंडियन ऑइल सरडीन, कट्टलफिश और क्रोकर ने भी क्रमशः 3107.66 टन, 2924.56 टन और 2891.34 टन के अवतरण के साथ कुल पकड़ के एक अच्छे प्रतिशत (4% से अधिक) का साझा किया। महीने के दौरान गभीर सागर लॉब्स्टर मत्स्यन मद ने कम अवतरण (0.12 टन) दर्ज किया।



चित्र. 2. फरवरी 2018 के दौरान अवतरित किए गए मुख्य मत्स्यन मद

तालिका 2 में फरवरी 2018 के दौरान दर्ज की गई विभिन्न मत्स्यन मदों की श्रेणीवार मात्रा दी गई है। पेलाजिक फ़िनफिश संसाधनों में से, सबसे ज़्यादा अवतरण इंडियन मैकरेल और जिसके बाद रिबन फिश और ट्यूना थे। डेमर्सल फिनफ़िश के मामले में, जापानी त्रेड फिन ब्रीम, क्रोकर, और बुल्स आई प्रमुख योगदानकर्ता थे। स्क्विड,कट्टलफिश तथा ऑक्टोपस जैसे

संकेंद्रित क्षेत्र

मोलस्कन स्टॉक ने 62% शेलफिश अवतरण दर्ज किया और शेष 38% क्रस्टेशियन थे। क्रस्टेशियनों में से, पीनिड श्रिम्प प्रमुख योगदानकर्ता थे, जिसमें सबसे ज़्यादा हिस्सा करिक्काड़ी श्रिम्प का था (1,267.92 टन)।

जनवरी 2018 के दौरान विभिन्न मत्स्यन मदों की श्रेणीवार अवतरण

मत्स्य मद	मात्रा टनों में	कुल पकड़ %
पेलाजिक फिनफ़िश		
इंडियन मैकरेल	5128.34	8.34
रिबन फिश	4895.57	7.96
ट्यूना	3946.62	6.42
इंडियन ऑइल सारडीन	3107.66	5.06
हॉर्स मैकरेल	2083.24	3.39
एंचोवी	2015.35	3.28
सीर फिश	1164.71	1.89
स्काड्स	1051.31	1.71
बारक्यूडा	816.63	1.33
डोलफ़िन फिश	661.64	1.08
लेस्सर सारडीन	501.64	0.82
बॉम्बे डक	391.71	0.64
ट्रेवल्ली	289.92	0.47
हेरिंग	140.25	0.23
ओरिएंटल बोनिटो	132.80	0.22
लेथर जैकेट	127.59	0.21
क्वीन फिश	124.18	0.20
कोबिया	108.23	0.18
मुल्लट	104.63	0.17
नीडिल फिश	103.82	0.17
मार्लिन	100.71	0.16
सेल फिश	80.28	0.13
हिल्सा	74.47	0.12
इंडियन इलिषा	46.90	0.08
सी बास	28.16	0.05
इंडियन साल्मन	27.16	0.04
फ्लाट नीडिल फिश	18.54	0.03
सिल्वर सिल्लागो	7.45	0.01
रेईनबो रन्नर	2.84	0.00
फुसिलियर	0.60	0.00
कुल	**27,282.94**	**44.39**
डेमर्सल फिनफ़िश		
जापानीस त्रेड फिन ब्रीम	3964.80	6.45
क्रोकर्स	2970.39	4.83
बुल्स आई	2835.00	4.61
कैट फिश	1774.49	2.89
सोल फिश	1696.02	2.76
लिज़ार्ड फिश	1694.08	2.76
मून फिश	804.41	1.31
रीफ़ कोड	787.23	1.28
स्नैप्पर	668.74	1.09
पॉफ्रेट	496.36	0.81
पोनी फिश	227.47	0.37
ईल	138.05	0.22
गोट फिश	133.96	0.22
रे	111.80	0.18
एंपेरोर ब्रीम	11.32	0.02
ग्लास्सी पेर्च	10.87	0.02
घोल	10.40	0.02
इंडियन हालिबट	7.47	0.01
पैरट फिश	6.48	0.01
ब्लाक टिप शार्क	5.42	0.01
टैगर पर्च	5.36	0.01
सिल्वर बिड्डी	4.45	0.01
बैट फिश	2.30	0.00
सी ब्रीम	1.75	0.00
फ़ाइल फिश	0.65	0.00
कुल	**18,369.24**	**29.89**
शेल फिश		
क्रस्ट्रेशियन		
पीनिड श्रिम्प	5233.66	8.52
समुद्री केकड़ा	766.23	1.25
लॉब्स्टर	12.06	0.02
कीचड़ केकड़ा	7.21	0.01
गैर पीनिड श्रिम्प	1.95	0.00
कुल क्रस्टेशियन	**6,021.11**	**9.80**
मोल्लस्क		
स्क्विड	6131.06	9.98
कट्टलफिश	2924.56	4.76
ऑक्टोपस	734.64	1.20
कुल मोल्लस्क	**9,790.26**	**15.93**
कुल शेलफिश	**15,811.37**	**25.72**
कुल योग	**61,463.55**	**100.00**

संकेंद्रित क्षेत्र

क्षेत्र-वार अवतरण

महीने के दौरान चार मात्स्यिकी क्षेत्रों में से, महाराष्ट्र और गुजरात तटों के 7 चयनित लैंडिंग स्थानों सहित उत्तर पश्चिमी तट ने अन्य क्षेत्रों की तुलना में 29,552.63 टन (48%) का अधिकतम अवतरण दर्ज किया। इसके आगे दक्षिण पश्चिम क्षेत्र (केरल, कर्नाटक और गोआ के 15 चयनित बंदरगाहों सहित) ने 20,991.89 टन का अवतरण दर्ज किया। इस प्रकार पश्चिम तट क्षेत्र के अवतरण ने कुल पकड़ का 82% दर्ज किया (चित्र 3)। दक्षिण पूर्व तट से (तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के 14 बंदरगाह सहित) ने अवधि के दौरान कुल 4,693.01 टन समुद्री पकड़ का अवतरण दर्ज किया। उत्तर पूर्व क्षेत्र, जिसमें ओड़ीशा और पश्चिम बंगाल के चुने हुए 10 अवतरण स्थान शामिल हैं, ने 6,226.02 टन (10%) की मात्रा दर्ज की।

पेलाजिक फिनफ़िश ने दक्षिण पश्चिम तट में एक विशेषतः उच्च मात्रा रिकार्डिंग सहित (चित्र 4) सभी चार क्षेत्रों में अवतरण में प्रभुत्व रखा। दक्षिण पश्चिम, उत्तर पश्चिम और उत्तर पूर्व क्षेत्रों में दूसरे स्थान में डेमर्सल फिनफ़िश अवतरण था, जबकि दक्षिण पूर्व तट में शेल फिश अवतरण डेमर्सल फिनफ़िश की तुलना में अधिक था।

प्रत्येक क्षेत्र में लैंडिंग में पाँच प्रमुख मत्स्यन मदों ने योगदान दिया जिसका विवरण तालिका 3 में दिया जाता है।



चित्र. 3. फरवरी 2018 के दौरान दर्ज किया गया क्षेत्र-वार लैंडिंग



चित्र. 4. प्रत्येक क्षेत्र की कुल लैंडिंग के लिए श्रेणीवार योगदान (टनों में) की तुलना

तालिका 3 : फरवरी 2018 के दौरान प्रत्येक क्षेत्र में लैंड किए गए प्रमुख मद

मद	मात्रा टनों में	क्षेत्र के कुल लैंडिंग %
दक्षिण पश्चिम		
इंडियन मैकरेल	3249.10	15.48
इंडियन ऑइल सारडीन	2476.82	11.80
स्क्विड	1740.03	8.29
जापानीस थ्रेडफिन ब्रीम	1584.85	7.55
ट्यूना	1230.77	5.86
उत्तर पश्चिम		
स्क्विड	3848.36	13.02
रिबन फिश	3843.20	13.00
जापानीस थ्रेडफिन ब्रीम	2183.66	7.39
हॉर्स मैकरेल	1631.33	5.52

बुल्स आई- डस्की फिंड	1615.50	5.47
दक्षिण पूर्व		
ट्यूना	747.04	15.92
कट्टलफिश	494.60	10.54
व्हाइट प्रोन	292.74	6.24
स्क्विड	284.48	6.06
रिबन फिश	259.17	5.52
उत्तर पूर्व		
क्रोकर	882.31	14.17
इंडियन ऑइल सारडीन	491.42	7.89
रिबन फिश	442.31	7.10
गोल्डेन एंचोवी	362.43	5.82
करिक्काड़ी **श्रिम्प**	362.20	5.82

राज्य-वार अवतरण

महीने के दौरान भारत की मुख्य भूमि के नौ समुद्र तटीय राज्यों में से, गुजरात राज्य ने अधिकतम समुद्री मत्स्य लैंडिंग दर्ज किया था, जो 19,941.21 टन की कुल पकड़ का (चित्र 5) लगभग 32% था। गुजरात के बाद, महाराष्ट्र राज्य ने 9,611.42 टन की मात्रा दर्ज की जो सभी राज्यों द्वारा दर्ज की गई कुल मात्रा का लगभग 15% था। केरल 8,835.63 टन (14% से अधिक) की कुल लैंडिंग के साथ तीसरे स्थान पर था। पश्चिमी तट के राज्यों ने एक साथ मिलकर कुल पकड़ के 82% से अधिक लैंडिंग किया। पूर्वी तट में, पश्चिम बंगाल ने 3,938.46 टन (6% से अधिक) की उच्चतम लैंडिंग रिकार्ड की। महीने के दौरान सबसे कम लैंडिंग दर्ज किया गया राज्य आंध्र प्रदेश था, जहाँ केवल 1,913.74 टन समुद्री मत्स्य पकड़ दर्ज की गई थी।

फरवरी 2018 के दौरान प्रत्येक राज्य में लैंडिंग में पाँच प्रमुख मत्स्यन मदों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था जिसका विवरण तालिका 4 में दिया गया है।



चित्र. 5. फरवरी 2018 के दौरान किए गे राज्य-वार मत्स्य लैंडिंग (टनों में)

तालिका 4. फरवरी 2018 के दौरान अवतरित किए गए प्रमुख मत्स्यन मद

मद	मात्रा टनों में	% राज्य के कुल लैंडिंग
केरल		
इंडयिन ऑइल सारडीन	822.36	9.31
स्क्विड	675.90	7.65
ट्यूना	619.71	7.01
इंडियन मैकरेल	602.23	6.82
कट्टलफिश	573.90	6.50
कर्नाटक		
इंडियन मैकरेल	1609.37	18.69
इंडियन ऑइल सारडीन	1593.61	18.51
जापानीस थ्रेडफिन ब्रीम	1374.95	15.97
स्क्विड	783.87	9.10
इंडियन स्काड	651.45	7.57
गोआ		

इंडियन मैकरेल	1037.50	29.26
मून फिश	544.10	15.34
ट्यूना	499.60	14.09
हॉर्स मैकरेल	327.80	9.24
स्क्विड	280.26	7.90
महाराष्ट्र		
हॉर्स मैकरेल	1487.73	15.48
स्क्विड	901.86	9.38
इंडियन मैकरेल	789.31	8.21
क्रोकर	641.78	6.68
ब्राउन श्रिम्प	599.90	6.24
गुजरात		
रिबनफ़िश	3278.00	16.44
स्क्विड	2946.50	14.78
जापानीस थ्रेडफिन ब्रीम	1665.50	8.35
बुल्स आई-डस्की फिन्ड	1615.50	8.10
कट्टलफिश	1542.00	7.73
तमिलनाडु		
कट्टलफिश	462.90	16.66
ट्यूना	338.44	12.18
स्क्विड	231.65	8.33
इंडियन ऑइल सरडीन	131.95	4.75
स्नैप्पर	107.59	3.87
आंध्र प्रदेश		
ट्यूना	408.60	21.35
व्हाइट प्रोन	218.70	11.43
रिबन फिश	194.17	10.15
ब्राउन श्रिम्प	172.04	8.99
पिंक श्रिम्प	128.85	6.73
ओड़ीशा		
क्रोकर	506.42	22.14
रिबनफ़िश	193.74	8.47
गोल्डन एंचोवी	182.26	7.97
सोल फिश	169.33	7.40
करिक्काड़ी श्रिम्प	156.41	6.84
पश्चिम बंगाल		
इंडयिन ऑइल सरडीन	407.13	10.34
क्रोकर	375.89	9.54
इंडियन मैकरेल	280.41	7.12
बॉम्बे डक	250.32	6.36
रिबनफ़िश	248.57	6.31

बंदरगाह-वार अवतरण

महीने के दौरान पश्चिम और पूर्वी तटों के चयनित बन्दरगाहों में दर्ज की गई मत्स्य लैंडिंग को आंकड़ों में क्रमशः 6 और 7 में प्रस्तुत किया जाता है। 46 बंदरगाहों में से, वेरावल बंदरगाह ने 8,556.00 टन (14%) की अधिकतम लैंडिंग और इसके बाद पोरबंदर बंदरगाह ने 6,373.21 टन (10%) लैंडिंग दर्ज की। मैंगलोर बंदरगाह 6,263.97 टन (10%) की मात्रा और बेपोर बंदरगाह 6,004.50 टन (9%) की मात्रा के साथ बाद के स्थानों में रहे। पूर्वी तट में, सर्वोच्च लैंडिंग विशाखपट्टिनम बंदरगाह का था जहाँ 1,405.02 टन (2%) का लैंडिंग दर्ज किया। पश्चिमी तट में चयनित 22 बंदरगाहों में से ग्यारह ने 1000 टन से अधिक पकड़ दर्ज की जबकि पूर्वी तट के 24 बंदरगाहों में से केवल 3 में ही 1000 टन से ज्यादा पकड़ दर्ज की गई। चित्रामुट्टम बंदरगाह (30.20 टन) में लैंडिंग की न्यूनतम मात्रा दर्ज की गई।



चित्र 6. फरवरी 2018 के दौरान पश्चिमी तट के बंदरगाहों पर मत्स्य लैंडिंग (टन में)

नाव आगमन पर आधारित अनुमान

फरवरी 2018 के दौरान कुल 26,964 नाव आगमन दर्ज किए गए, जिनमें से सर्वोच्च 4,133 नाव आगमन वेरावल बंदरगाह से किया गया। वेरावल के बाद पोरबंदर बंदरगाह था, जहाँ 2,820 नावों का आगमन हुआ था। अवधि के दौरान 46 बंदरगाहों में से केवल 5 ने 1000 से अधिक नाव आगमन दर्ज किए थे, जिनके विवरण तालिका 5 में दिए गए हैं। लगभग 74% से अधिक मत्स्यन यान, जिन्होंने अपनी पकड़ की लैंडिंग ट्रॉलर श्रेणी वालों के बन्दरगाहों में किया और शेष लैंडिंग पर्स सेनर्स, रिंग सेनर्स, गिल नेट्टर्स और पारंपरिक क्राफ्ट व्दारा किए गए।



चित्र 7. फरवरी 2018 के दौरान पूर्वी तट के बंदरगाहों पर मत्स्य लैंडिंग (टन में)

तालिका 5. फरवरी 2018 के दौरान 1000 से अधिक नाव लैंडिंग दर्ज किया गया मत्स्यन बंदरगाह

क्रम सं.	मत्स्यन बंदरगाह	राज्य	नाव लैंडिंग की संख्या
1	वेरावल	गुजरात	4133
2	पोरबंदर	गुजरात	2820
3	मंगरोल	गुजरात	2302
4	मैंगलोर	कर्नाटक	2142
5	हर्णे	महाराष्ट्र	1211

तुलनात्मक विश्लेषण

तालिका 6 में पिछले महीनों के साथ फरवरी 2018 के आंकड़ों की तुलना दिखाई गई है। फरवरी 2018 के दौरान जनवरी 2018 की तुलना में कुल मत्स्य पकड़ में 25,000 टन से अधिक कमी हुई है। कुल पकड़ में पेलाजिक फिनफिश 1% हिस्से के साथ उच्च योगदानकर्ता बना रहा। डेमर्सल फिनफिश संसाधनों का प्रतिशत हिस्सा 2% तक कम हो गया जबकि शेलफिश लैंडिंग का प्रतिशत हिस्सा 1% बढ़ गया। अवधि के दौरान स्क्विड ने सर्वोच्च योगदानकर्ता का स्थान प्राप्त किया और रिबनफ़िश तीसरे स्थान पर चला गया। लैंडिंग में गुजरात राज्य सर्वोच्च स्थान पर जारी रहा और गुजरात के वेरावल बन्दरगाह ने अधिकतम अवतरण दर्ज करके बन्दरगाहों के बीच प्रमुख स्थान बनाए रखा। जनवरी 2018 की तुलना में फरवरी 2018 में रिकार्ड किए गए नाव आगमन की कुल संख्या में 6,600 से अधिक नौकाओं में कमी आई थी।

तालिका 6. आंकड़े का तुलनात्मक विश्लेषण

	दिसंबर 2017	जनवरी 2018	फरवरी 2018
कुल पकड़	82,849.37 t	86,568.64 t	61,463.55 t
पेलाजिक फिनफीशों का अवतरण	39,510.15 t (48%)	37,443.01 t (43%)	27282.94 t (44%)
डेमर्सल फिनफीशों का अवतरण	23,492.34 t (28%)	27,540.88 t (32%)	18369.24 t (30%)
शेलफिश का अवतरण	19,846.87 t (30%)	21,584.75 t (25%)	15811.37 (26%)
सर्वोच्च लैंडिंग रिकार्ड की गई प्रजातियाँ	इंडियन ऑइल सरडीन (10%)	रिबनफ़िश (9%)	सक्विड (10%)
सर्वोच्च लैंडिंग रिकार्ड किया गया राज्य	गुजरात (30%)	गुजरात (30%)	गुजरात (32%)
सर्वोच्च लैंडिंग रिकार्ड किया गया बन्दरगाह	वेरावल (13%)	बेयपोर (13%)	वेरावल (14%)
कुल नाव आगमन	32,115	33,568	26,964

संक्षेप

फरवरी 2018 में, भारत के प्रमुख 46 मत्स्यन अवतरण स्थानों में कुल 61,463.55 टन समुद्री मत्स्य संसाधनों का अवतरण किया गया, जिनमें पेलाजिक फिनफिश ने शेलफिश स्टॉक और डेमर्सल फिनफिश की तुलना में अधिक मात्रा में योगदान दिया। इस अवधि के दौरान दक्षिण पश्चिम तट में केरल के मशीनीकृत मत्स्यन क्षेत्र द्वारा आयोजित आठ दिन की हड़ताल के कारण कम लैंडिंग दर्ज किया गया। मद-वार मत्स्यन अवतरणों को ध्यान में रखते हुए, स्क्विड को प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में रिकार्ड किया गया। पश्चिमी तट के राज्यों ने संयुक्त रूप से कुल पकड़ का 82% से अधिक लैंडिंग दर्ज किया और उत्तर पश्चिम तट ने 48% के अधिकतम हिस्सो का योगदान दिया। गुजरात ने 9 समुद्री तटीय राज्यों में से सबसे ज़्यादा पकड़ रिकार्ड की। 46 चयनित बंदरगाहों में से 14 बंदरगाहों द्वारा 1000 टन से अधिक मत्स्य अवतरण रिकार्ड किया गया वेरावल बंदरगाह द्वारा सर्वोच्च अवतरण के साथ-साथ अधिकतम नाव आगमन भी रिकार्ड किया गया।

जलकृषि में प्रतिबंधित प्रतिजैविकी : ओडिशा में आयोजित जागरूकता अभियान

श्री नरेश तांबड़ा, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय प्रभाग, भुवनेश्वर अजगरपेटिया में किसानों को संबोधित करते हुए

एमपीईडीए के क्षेत्रीय प्रभाग, भुवनेश्वर ने श्रिम्प कृषकों के लिए ओड़ीशा के केंद्रपारा जिले के अजगरपतिया और कृष्णप्रियपुर गाँवों में जलकृषि में प्रतिबंधित प्रतिजैविकी के उपयोग के खिलाफ दो जागरूकता अभियान का आयोजन किया।

दिनांक 26 फरवरी, 2018 को अजगरपतिया गाँव में आयोजित जागरूकता अभियान में 45 किसानों ने भाग लिया। श्रिम्प कृषि में प्रतिबंधित प्रतिजैविकियों के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में किसानों को समझाया गया और बेहत्तर अनुमार्गणीयता के लिए अपने फार्मों को एमपीईडीए के साथ नामांकित करने का अनुरोध किया। श्री नरेश तांबड़ा, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय प्रभाग, भुवनेश्वर ने उनके संदेहों का स्पष्टीकरण दिया और स्लड्ज पंप, एरेटर, पंप, पक्षी बाड लगाना आदि के लिए इमदाद प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत विवरण दिया। श्री सुरेश मोहंती, लस्कर ने चर्चाओं का स्थानीय भाषा में अनुवाद किया। किसानों ने एक बहुत दूरस्थ गाँव में इस तरह की एक बैठक आयोजित करने के लिए एमपीईडीए के अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रशिक्षणार्थियों का परिदृश्य

दिनांक 27 फरवरी, 2018 को केंद्रपारा के कृष्णप्रियापुर (गुपति) में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया और इसमें 44 किसानों द्वारा भाग लिया गया। बैठक में फार्मों का नामांकन, संभरण से पहले बीजों की परीक्षण हेतु सुविधा की उपलब्धता, गंजम, गोपालपुर में पीसीआर प्रयोगशाला की सुविधा, जलकृषि में प्रतिबंधित प्रतिजैविकी के प्रतिकूल प्रभाव आदि पर चर्चा की गईं। किसानों द्वारा उठाए गए संदेहों का स्पष्टीकरण एमपीईडीए के अधिकारियों द्वारा दिया गया।

मिलियू में ऑइल सारडीन की वापसी

ऑइल सारडीन, केरल के पारंपरिक समुद्री मात्स्यिकी की रीढ़ की हड्डी है जिसने वर्ष 2016 में दो दशकों में पकड़ के निम्नतम स्तर रिकार्ड करने के बाद सुधार के प्रारम्भिक संकेत दिखा रहा है।

